## संपादकीय

# मॉब लिंचिंग पर चिंता

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि मॉब लिंचिंग एक पश्चिमी निर्मिति है, देश को बदनाम करने के लिए भारत के संदर्भ में इसका इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। विजयादशमी के मौके पर नागपुर स्थित संघ मुख्यालय में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'लिंचिंग' शब्द की उत्पत्ति भारतीय लोकाचार से नहीं हुई। इस तरह की घटनाओं से संघ का कोई लेना-देना नहीं है और इन्हें रोकना हर किसी की जिम्मेदारी है। कानून-व्यवस्था की सीमा का उल्लंघन कर हिंसा की प्रवृत्ति समाज में परस्पर संबंधों को नष्ट कर अपना प्रताप दिखाती है। यह प्रवृत्ति हमारे देश की परंपरा नहीं है, न ही हमारे संविधान में यह है। कितना भी मतभेद हो, कानून और संविधान की मर्यादा में रहें।

संघ प्रमुख ने जो कहा है वह अपनी जगह सही है। भारतीय संस्कृति और परंपरा में ऐसे कृत्यों के लिए कोई स्थान नहीं है, न ही वह इनको किसी तरह से जायज ठहराती है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि भारतीय समाज इधर इस बीमारी से ग्रस्त हो गया है। मॉब लिंचिंग की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। लोग जिस तरह की क्रूरता दिखा रहे हैं वह किसी भी सभ्य समाज के लिए चिंता की बात होनी चाहिए। पिछले दिनों मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में भीड़ ने एक दबंग परिवार के उकसावे पर दो बच्चों को खुले में शौच करने के कारण पीट-पीटकर मार डाला। इसी तरह झारखंड के खूंटी जिले में गोहत्या के शक में भीड़ ने एक अपाहिज को मार डाला। कुछ दिनों पहले बच्चा चोरी के शक में देश के कई इलाकों में कई लोगों पर हमले हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं कई बार मॉब लिंचिंग की कड़ी निंदा कर चुके हैं और राज्य सरकारों से ऐसी घटनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कह चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर कड़ी टिप्पणी की है। लेकिन इन सबके बावजूद ऐसी घटनाएं होती ही जा रही हैं तो इससे यही पता चलता है कि हमारी कानूनी एजेंसियां ऐसी घटनाओं को लेकर पर्याप्त गंभीरता नहीं दिखा पाई हैं। जनता के एक हिस्से के साथ ही कानून-व्यवस्था से जुड़े लोगों में भी कहीं न कहीं यह बात घर कर गई है कि लिंचिंग कुछ हद तक जायज है। हाल ही में पुलिस के बीच कराए गए एक सर्वे से पता चला कि पुलिसकर्मी भी गोहत्या के आरोपियों की मॉब लिंचिंग को कोई गलत बात नहीं मानते।

सवाल यह है कि समाज में इस सोच ने आखिर कैसे जड़ जमा लिया? संघ प्रमुख आगे इस पर कुछ और प्रकाश डाल सकते हैं। सत्तारूढ़ दल के कुछ लोगों द्वारा दिए गए परोक्ष संरक्षण ने लिंचिंग के आरोपियों का मनोबल बढ़ाया है। बीमारी के इस हिस्से का इलाज सरकार ही कर सकती है। मोहन भागवत मॉब लिंचिंग को लेकर चिंतित हैं और इसे भारतीय संस्कृति के लिए घातक मानते हैं तो उन्हें आरएसएस और इसके आनुषंगिक संगठनों के जरिए इसके खिलाफ अभियान छेड़कर लोगों को जागरूक बनाना चाहिए।

# इन्फोसिस का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 2.2 प्रतिशत घटकर 4,019 करोड़ रहा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इन्फोसिस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 2.2 प्रतिशत घटकर 4,019 करोड़ रुपये रह गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 4,110 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बेंगलुरु की कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी आय 9.8 प्रतिशत बढ़कर 22,629 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो




इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 20,609 करोड़ रुपये थी। इन्फोसिस ने चालू वित्त वर्ष के अपनी आमदनी के नीचे के अनुमान को संशोधित किया है।

इन्फोसिस का अनुमान है कि स्थिर मुद्रा में उसकी आमदनी में 9-10 प्रतिशत का इजाफा होगा।


पहले कंपनी ने इसमें 8.5 से 10 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया था। इन्फोसिस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा कि कई मोर्चों...राजस्व वृद्धि, डिजिटल वृद्धि, परिचालन मार्जिन, परिचालन दक्षता, बड़े करार पर दस्तखत और कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर पर हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा है।

## लगातार दूसरे दिन घटे पेट्रोल, डीजल के दाम

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में फिर लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। पेट्रोल शुक्रवार को दिल्ली और मुंबई में 12 पैसे, कोलकाता में 11 पैसे और चेन्नई में 13 पैसे लीटर सस्ता हुआ। डीजल का दाम भी दिल्ली और कोलकाता में 15 पैसे जबकि मुंबई और चेन्नई में 16 पैसे प्रति लीटर कम हो गया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम घटकर क्रमशः 73.42 रुपये, 76.07 रुपये, 79.03 रुपये और 76.25 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी घटकर क्रमशः 66.60 रुपये, 68.96 रुपये, 69.81 रुपये और 70.35 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

## दो भारतीय दुग्ध सहकारिताओं ने श्रीलंका से करार किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत की दो दुग्ध सहकारिताओं ने शुक्रवार को श्रीलंका सरकार के साथ दूध और दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति के लिए आशय-पत्र (एमओआई) पर हस्ताक्षर किए। दूध का भी कारोबार करने वाली उर्वरक कंपनी इंडियन पोटश लि. (आईपीएल) ने भी पड़ोसी देश के साथ इसी तरह का करार किया है। प्रगति मैदान में शुरू हुए तीन दिन के भारत अंतरराष्ट्रीय



सहकारिता व्यापार मेले में इन करारों पर हस्ताक्षर किए गए। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''श्रीलंका सरकार के साथ तीन एमओआई पर हस्ताक्षर किए गए हैं।


## सितंबर में यात्री वाहनों की बिक्री 24 प्रतिशत गिरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री सितंबर महीने में 23.69 प्रतिशत गिरकर 2,23,317 इकाइयों पर आ गयी। पिछले साल इसी महीने 2,92,660 यात्री वाहनों की बिक्री हुई थी। सियाम ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

यह लगातार ग्यारहवां महीना है जब वाहनों की बिक्री में गिरावट आयी है। सियाम के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य माह के दौरान कारों की घरेलू बिक्री सितंबर 2018 की 1,97,124 इकाइयों की तुलना में 33.40 प्रतिशत गिरकर 1,31,281 इकाइयों पर आ गयी। इस दौरान मोटरसाइकिलों की बिक्री पिछले साल की 13,60,415 इकाइयों की तुलना में 23.29 प्रतिशत कम होकर 10,43,624 इकाइयों पर आ गयी। सितंबर के दौरान दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 22.09 प्रतिशत गिरकर 16,56,774 इकाइयों पर आ गयी। पिछले साल सितंबर में 21,26,445 दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई थी।

## विराट कोहली ने लगाया टेस्ट क्रिकेट में अपना 26वां शतक

**पुणे।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे के एमसीए स्टेडियम में खेला जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने 3 विकेट गंवाकर 348 रन बना लिए हैं। विराट कोहली (102 रन) और अजिंक्य रहाणे (52 रन) क्रीज पर हैं। तीन मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में भारतीय कप्तान विराट कोहली ने बेहतरीन शतक जड़ दिया है। यह उनके टेस्ट करियर का 26वां शतक है। उन्होंने 173वीं गेंद पर शतक पूरा किया। विराट ने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज वर्नोन फिलेंडर की गेंद पर खूबसूरत स्ट्रेट ड्राइव के जरिये 26वां शतक लगाया।



विराट कोहली इसके साथ ही खेल के इस सबसे लंबे प्रारूप में 26 शतक जड़ने वाले दुनिया के कुल 21वें और भारत के चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर ये कारनामा कर चुके हैं। हालांकि भारतीय कप्तान ने ये उपलब्ध हासिल करने के लिए महज 81 टेस्ट ही खेले हैं। शतक लगाकर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली वेस्टइंडीज के दिग्गज गैरी सोबर्स और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ की बराबरी पर पहुंच गए हैं। सोबर्स और स्मिथ के नाम टेस्ट क्रिकेट में 26-26 शतक दर्ज हैं। स्मिथ ने महज 68 टेस्ट में 26 शतक जड़ दिए हैं।

## इंडियाबुल्स रियल एस्टेट 500 करोड़ रुपये के शेयर वापस खरीदेगी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** इंडियाबुल्स रियल एस्टेट ने 100 रुपये मूल्य के पांच करोड़ शेयरों की पुनर्खरीद की घोषणा की है। इस पर कंपनी को करीब 500 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। शेयरों की वापस खरीद कंपनी के शेयर के मौजूदा मूल्य से दोगुने से अधिक पर की जाएगी। बंबई शेयर बाजार में अभी कंपनी का शेयर 43.40 रुपये पर चल रहा है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने शुक्रवार को पांच करोड़ पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस पर 500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह 100 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर




कुल चुकता इक्विटी पूंजी का करीब 11 प्रतिशत है। यह पुनर्खरीद निविदा पेशकश के जरिये की जाएगी। कंपनी के निदेशक मंडल ने एक पुनर्खरीद समिति का गठन किया है जिसके पास इस प्रक्रिया के क्रियान्वयन का अधिकार होगा।

## परिणीति चोपड़ा आज से शुरू करेंगी साइना नेहवाल बायॉपिक की शूटिंग

ऐक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा आने वाली थ्रिलर फिल्म को लंदन में पूरा कर चुकी हैं। अब वह अमोल गुप्ते की फिल्म की तैयारियों में जुट गई हैं। यह फिल्म बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल की बायोपिक है।

जानकारी के मुताबिक, परिणीति फिल्म की शूटिंग मुंबई में 11 अक्टूबर से शुरू करेंगी। अमोल ने बताया, पहले दिन का शूट नीलेश कुलकर्णी के इंस्टिट्यूशन इंटरनैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में होगा जहां 600 स्टूडेंट्स में 85 पर्सेंट नैशनल और स्टेट लेवल के प्लेयर्स हैं। पहले सीन में साइना के रूप में परिणीति फैटरनिटी में शामिल पत्रकारों, स्टूडेंट्स और स्पोर्ट्स मैनेजमेंट से जुड़े लोगों के सवालों के जवाब देंगी।



बता दें, पिछले 6 महीने से परिणीति इस रोल की तैयारियां कर रही हैं। वह साइना के कोच ईशान नकवी को अपने साथ लंदन भी ले गई थीं। ईशान के कई सीनियर्स भी ऐक्ट्रेस को ट्रेनिंग दे रहे हैं जिसमें साइना के पहले मेंटर श्रीकांत भी शामिल हैं।

परिणीति ठाणे स्थित उसी कोर्ट में सीख रही हैं जहां साइना प्रैक्टिस करती थीं। वह रोज दो घंटे बैडमिंटन खेलने को देती हैं ताकि पर्दे पर उनका लुक रियल लगे। ऐक्ट्रेस ने बताया, मैंने इस रोल के लिए अपनी पूरी एनर्जी लगा दी है।

## अनुष्का शर्मा ने सभी के सामने दीपिका के पति रणवीर को डांटा

अनुष्का शर्मा और रणवीर सिंह ने अब तक तीन फिल्मों में साथ काम किया है और ऑडियंस उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को काफी पसंद करती है। हाल ही में दोनों मुंबई में एक अवॉर्ड फंक्शन में साथ नजर आए और फैंस के लिए यह मजेदार ट्रीट हो गई।

इस फंक्शन में दोनों के बीच एक फनी मोमेंट हुआ जो कि कैमरे में कैद हो गया। दरअसल, रणवीर जिस तरह अलग-अलग तरह के आउटफिट में नजर आते हैं, यहां भी कुछ ऐसा ही था। वह स्टेज पर हैट, ब्लैक सूट और हाथ में छड़ी लिए दिखे।

ऐक्टर अचानक से सफलता और अलग-अलग लोगों के लिए इसके मायने पर बात करने लगे।



वह माइक लेकर स्टेज से नीचे आने लगे और इस दौरान उन्होंने पूछा, इस बारे में बेहद खूबसूरत और टैलंटेड अनुष्का शर्मा से पूछते हैं कि आपके लिए सक्सेस का मतलब क्या है? जैसे ही रणवीर ने रिप्लाई के लिए उनके चेहरे के सामने माइक लगाया, अनुष्का ने उन्हें डांट लगा दी। ऐक्ट्रेस ने कहा, रणवीर, आप होस्ट नहीं हैं! इसके बाद रणवीर माफी मांगते और भागते हुए स्टेज पर वापस आ जाते हैं।

## 83 से डेब्यू करेंगी पूर्व मिस इंडिया वर्ल्ड अदिति आर्या



फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2015 अदिति आर्या अपने बॉलिवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। वह स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 83 से हिंदी फिल्मों में अपनी पारी शुरू करने जा रही हैं और इसमें वह पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहिंदर अमरनाथ की पत्नी के रोल में दिखाई देंगी। फिल्म में मोहिंदर अमरनाथ का किरदार साकिब सलीम निभा रहे हैं। अमरनाथ 1983 में हुए क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच बने थे।

वैसे बता दें कि अदिति तेलुगू फिल्मों में पहले से काम कर रही हैं। वह पुरी जगन्नाथ की फिल्म आईएसएम में दिखाई दी थीं। इसके अलावा अदिति ने कुछ वेबसीरीज में भी काम किया है जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया है।

## आज का राशिफल

*मेषः-* काम की अधिकता के चलते पारिवारिक उपेक्षा न करें। किसी भी धार्मिक विवाद में उलझना ठीक नहीं। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। राजनीतिक सहयोग मिलेगा।

*वृषभः-* आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शारीरिक व मानसिक क्लेश मिल सकता है। परीक्षा की दिशा में किया गया श्रम सार्थक होगा।

*मिथुनः-* आज कुंभ राशि का चंद्रमा आपके पराक्रम की वृद्धि कर रहा है। धन ऐश्वर्य वृद्धि से शत्रु ईर्ष्या करेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। रूका हुआ कार्य संपन्न होगा।

*कर्कः-* राशि स्वामी चंद्रमा अष्टम भाव में संचार कर रहा है। यह किसी अन्तर्विरोध को जन्म दे सकता है। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

*सिंहः-* आज आपकी राशि पर चन्द्रमा कुंभ का और पंचम भाव में धनुः- राशिगत केतु अभिष्ट सिद्धि कारक है। गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है।

*कन्याः-* आज आपकी राशि से द्वितीय बुध शुक्र योग बना हुआ है। आप कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में रहेंगे। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी।

*तुलाः-* राशि पर पंचम घर का चंद्रमा द्वादश भाव में शुक्र बुध आज आपके पुरूषार्थ और पराक्रम की वृद्धि करेगा। बेरोजगार व्यक्ति यों को रोजगार मिलने की संभावना है।

*वृश्चिकः-* राशि का स्वामी कन्या राशि का होकर एकादश भाव में पुराने रोग और कर्ज से छुटकारा दिलाएगा। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी।

*धनुः-* आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति उच्च पद पर मार्गी है गुप्त शत्रु, ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी।

*मकरः-* आपकी राशि पर द्वादश शनि शुक्र का प्रभाव है। एकादश लाभ में गुरू विवेकपूर्ण कार्य संपादन रोजी-रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी।

*कुंभः-* राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप की संभावना है।

*मीनः-* पुराने झगड़े झंझटों से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किसी कार्य के संपन्न होने से आपके स्वभाव व वर्चस्व में वृद्धि होगी।

## पिंडी छोले बनाने की रेसिपी...

**सामग्री :**

काबुली चना- 300 ग्राम , चाय की पत्ती- 1 चम्मच, दालचीनी - 1-2 टुकड़े, बडी इलायची- 2, हरी इलायची - 2, अजवाइन - 1/4 चम्मच, तेजपत्ता - 2, काली मिर्च - 6-8 दाने, प्याज - 2 बारीक कटे हुए, टमाटर - 2 (मीडियम आकार में कटे हुए), अदरक लहसुन पेस्ट - 2 चम्मच, हल्दी पाउडर - 1/2 चम्मच, धनिया पाउडर - 1/2 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर - 1/2 चम्मच, आमचूर पाउडर - 1/2 चम्मच, कसूरी मेथी - 1/2 चम्मच, तेल आवश्यकतानुसार, नमक स्वादानुसार, हरी धनिया- गार्निशिंग के लिए

**विधि :**

काबुली चने को रात भर पानी में भिंगोने के लिए रख दें। अब चने को कुकर में डालें और एक छोटी पोटली में चाय की पत्ती या टी बैग जो अवेलेबल हो डाल दें। चने में नमक और पानी डालकर 5-6 सीटी आने तक पकाएं। चने को जल्दी पकाने के लिए इसमें थोड़ा सा बेकिंग सोडा मिला सकती हैं इससे 1-2



सीटी में चने अच्छे से उबल जाएंगे। अब एक कढ़ाई लें और इसमें सभी खड़े मसाले डालकर भून लें। ठंडा करें और फिर इसे पीस लें।कढ़ाई में तेल ग र्म करें फिर इसमें प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें। इसके बाद इसमें अदरक-लहसुन पेस्ट डालेंगे। इसके बार बारी आती है टमाटर की। इसके साथ ही हल्दी, धनिया, लाल मिर्च और गरम मसाला पाउडर भी डालकर अच्छे से भूनें। मसाले अच्छे से भून चुका है इसका पता आप मसाले के किनारे नजर आने वाले तेल से लगा सकते हैं। अब इसमें उबले हुए काबुली चुने डालें और मसाले में अच्छे से मिक्स करें।अब कसूरी मेथी और अमचूर पाउडर डालें और आवश्यकतानुसार पानी डालकर धीमी आंच पर 8-10 मिनट तक और पका लें। हरी धनिया डालकर गॉर्निशिंग करें।


## शब्द सामर्थ्य- 12

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | थे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## सू-दोकू- 12

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |